# दिल्ली विकास प्राधिकरण

**खेल खण्डः समन्वय सेल**

## प्रेस निविदा सूचना

अधोहस्ताक्षरी डीडीए (खेल खण्ड) की तरफ से निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबन्द निविदाएं आमंत्रित करता है। निविदा दो भागों में होंगी, अर्थात भाग-I में "तकनीकी बोली" और भाग-II में "वित्तीय बोली" शामिल होंगी। यह दोनों बोलियां **दो अलग–अलग मुहरबन्द लिफाफों** में जमा की जाएंगी और लिफाफों पर स्पष्ट रूप से भाग-I (तकनीकी बोली) तथा भाग-II (वित्तीय बोली), "कार्य का नाम" और "एजेंसी/फर्म का नाम" (सिर्फ दिल्ली से) लिखा होगा। केवल वही एजेंसियां निविदा के लिए योग्य होंगी जो पिछले पांच साल में स्वीमिंग पूल (संबंधित क्षेत्र में) चलाने के दो वर्ष के अनुभव के साथ पिछले तीन साल के दौरान हर वर्ष न्यूनतम 10 लाख रुपए का सालाना कुल कारोबार कर चुकी हों और इसे चार्टर्ड एकाउंटेंट से प्रमाणित कराएंगी। जो निविदा निर्धारित ढंग के अनुसार जमा नहीं कराई जाएंगी उन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

1) साकेत, हरि नगर, रोहिणी, पश्चिम विहार, नेताजी सुभाष (जसौला), द्वारका, चिल्ला, वसन्त कुंज, मेजर ध्यान चन्द (अशोक विहार), पूर्वी दिल्ली और राष्ट्रीय स्वाभिमान खेल परिसर (पीतमपुरा) स्पोर्ट काम्प्लेक्स (काम्प्लेक्स के प्रांगण में) में डेक एरिया सेवाएं एवं फिल्ट्रेशन प्लांट तथा डीडीए स्वामिंग पूलों के डीजी सेट को चलाना, मरम्मत करना और आप्रेशन

2) बाबा गंग नाथ स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स (मुनीरका), प्रताप नगर (हरि नगर) और कान्ति नगर (पूर्वी दिल्ली खेल परिसर) में हरित क्षेत्रों में डीडीए के स्वीमिंग पूलों को मासिक लाइसेंस शुल्क आधार पर (एक काम पूरा) डेक एरिया सेवाएं एवं फिल्ट्रेशन प्लांट तथा डीजी सेट को चलाना, मरम्मत करना और आप्रेशन

3) अनुबंध की अवधि : **01.04.2010** से **30.09.2010** या पूल साइट को सुपुर्द करने की वास्तविक तिथि जो भी **30.09.2010** के बाद हो

निविदा दस्तावेज़ विस्तृत नियमों एवं शर्तों के साथ निविदा दस्तावेज़ फर्म/एजेंसी के अधिकृत प्रतिनिधि के प्रमाणित प्रमाण दिखाने पर **520 रुपए (अनंतरणीय)** नकद भुगतान पर **31.12.2009** तक किसी भी कार्यदिवस को दिन में **11.00 बजे** से **सायं 4.00 बजे** तक संबंधित स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स के रोकड़िये (कैशियर) से प्राप्त किए जा सकते हैं जो **05.01.2010** को **सायं 3.00 बजे** तक सीरी फोर्ट स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स, अगस्त क्रांति मार्ग, नई दिल्ली में प्राप्त किए जाएंगे। तकनीकी बोली के साथ संबंधित स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स के पक्ष में भारतीय रिजर्व बैंक से अनुमोदित किसी भी अधिसूचित बैंक के पे ऑर्डर/डिमांड ड्राफ्ट के रूप में रु. **15,000/–** का बयाना जमा भी संलग्न करना होगा।

निविदा दस्तावेज़ों को जारी करने के लिए किसी भी आवेदक के आग्रह को चाहे कुछ भी हो, बिना कोई कारण बताए नामंजूर करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित है।

डाक/कूरियर/ई–मेल इत्यादि के जरिए जमा की गई निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा।

**निदेशक (खेल)**

**"देखें डीडीए की वेबसाइट www.dda.org.in या डायल करें 39898911"**